प्रेस नोट

थाना - हापुड़ देहात **दिनांक 19-04-2024**

- **जनपदीय एसओजी व थाना हापुड़ देहात की संयुक्त पुलिस टीम ने फर्जी प्रपत्र तैयार करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 02 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार।**
- **जिनके कब्जे से 39 फर्जी जन्म प्रमाण पत्र, 04 फर्जी आधार कार्ड, 02 मोबाइल फोन व 1,770/- रुपये नकदी बरामद।**
- **गिरफ्तार अभियुक्तगण क्लोन वेवसाइट के माध्यम से अपात्र लोगों के फर्जी प्रपत्र (जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट व ड्राईविंग लाईसेंस आदि) तैयार कर आर्थिक लाभ कमाते थे।**

कार्यवाहीः-

हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत जनपदीय एसओजी व थाना हापुड़ देहात की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा फर्जी प्रपत्र तैयार करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है, जिनके कब्जे से 39 फर्जी जन्म प्रमाण पत्र, 04 फर्जी आधार कार्ड, 02 मोबाइल फोन व 1,770/- रुपये नकदी बरामद हुई है।

उपरोक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के सम्बन्ध में थाना हापुड़ देहात पर अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तारी का स्थान व दिनांक - आरटीओ कार्यालय के पास मेरठ रोड़, दिनांक 19.04.2024।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पताः-

1. सलीम पुत्र सलाउद्दीन निवासी ग्राम भाड़ेपुर थाना मवाना जनपद गाजियाबाद।
2. प्रदीप चौहान पुत्र चंदन सिंह निवासी म0नं0 169 गली नंबर 01 सेवा नगर थाना सिहानी गेट जनपद गाजियाबाद।

बरामदगी का विवरणः-

1. 39 फर्जी जन्म प्रमाण पत्र।
2. 04 फर्जी आधार कार्ड।
3. 02 मोबाइल फोन।
5. 1,770/- रुपये नकदी।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1. निरीक्षक श्री महेन्द्र सिंह थाना हापुड़ देहात जनपद हापुड़।
2. उ0नि0 श्री पारस मलिक एसओजी टीम जनपद हापुड।
3. उ0नि0 श्री नसीम खान एसओजी टीम जनपद हापुड।
4. उ0नि0 श्री शरद यादव थाना हापुड़ देहात जनपद हापुड़।
5. है0कां0 116 राजीव मलिक थाना एसओजी टीम जनपद हापुड।
6. है0कां0 706 कुलदीप एसओजी टीम जनपद हापुड।
7. है0कां0 839 संजीव कुमार एसओजी टीम जनपद हापुड़।
8. है0कां0 669 पंकज कुमार थाना हापुड़ देहात जनपद हापुड़।
9. है0कां0 681 अजीत कुमार थाना हापुड़ देहात जनपद हापुड़।